टीवी की सेक्सी डायन मोनालिसा ने ब्लैक बिकिनी में लगाई आग!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टीवी के मशहूर शो नज़र में डायन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा हाल ही में जबरदस्त सुर्खियों में आ गई हैं. टीवी की इस सेक्सी डायन ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा किया है कि देखकर उनके फैंस भी हैरान हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं. जिनमें वे ब्लैक कलर की बिकिनी में स्विंग पूल के पास बैठी सेक्सी पोज देती नजर आ रही हैं. ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं. मोनालिसा का इंस्टाग्राम इस तरह की हॉट तस्वीरों से भरा पड़ा है। जिन्हें देखने के बाद आपको भी यकीन हो जाएगा कि मोनालिसा बोल्डनेस के मामले में किसी भी एक्ट्रेस को पीछे छोड़ सकती हैं. बिग बॉस से निकलने के बाद मोनालिसा अपनी बोल्ड तस्वीरों को लेकर लगातार चर्चा में रहती हैं. वे अपने सोशल एकाउंट पर अक्सर हॉट तस्वीरें शेयर करती नजर आ जाती हैं. उनके हॉट अवतार के लोग काफी दीवाने हैं. इन तस्वीरों पर उन्हें हजारों लाइक और कमेंट्स मिलते हैं. पास्ट की बात करें तो उनकी लाइफ विवादित रही है। मसलन, अपने से कई साल बड़े शख्स मदन के साथ उनके लिव-इन रिलेशनशिप ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। बताया जाता है कि मोनालिसा मदन के साथ ही कोलकाता से मुंबई आई थीं. उन्होंने कुछ बी-ग्रेड फिल्मों में काम किया और फिर भोजपुरी सिनेमा की ओर रुख किया. उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में बोल्जड सीन देकर खूब नाम कमाया. वे कुछ ही समय में भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार बन चुकी थीं. मोनालिसा अपने पति विक्रांत के साथ सईंया तूफानी, मेहरारू बिना रतिया कैसे कटी, प्रेम लीला जैसी कई भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं.

आलिया के साथ सड़क 2 में काम करने को लेकर खुश हैं आदित्य

आदित्य रॉय कपूर और आलिया भट्ट बॉलिवुड के यंग टैलेंट हैं, जिनसे ऑडियंस को हमेशा ही खास उम्मीद होती है। आलिया के लिए साल 2018 बेहद खास रहा है। फिल्मों के जरिए उन्होंने अपनी ऐक्टिंग का लोहा मनवाया, जिसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की संख्या बढ़ गई। उन्होंने करण जौहर की फिल्म कलंक भी साइन की है, जिसमें वह आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। कलंक के साथ ही यह जोड़ी फिल्म सड़क 2 में भी नजर आएगी। आलिया के साथ दो फिल्मों में स्क्रीन शेयर करने का मौका पाने पर आदित्य रॉय कपूर काफी एक्साइटिड हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि दोनों फिल्में बेहद अलग हैं। आलिया के साथ काम करने पर वे बोले कि, जब आप सेम को-स्टार के साथ फिर से काम करते हैं तो स्क्रीन पर नई इक्वेशन पेश करना अच्छा अनुभव होता है।बता दें कि, डायरेक्टर महेश भट्ट फिल्म सड़क 2 के जरिए बतौर डायरेक्टर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार उनकी बेटियां आलिया भट्ट और पूजा भट्ट साथ में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह मूवी मार्च 2020 में रिलीज की जाएगी। बता दें कि, साल 1991 में आई फिल्म सड़क में पूजा भट्ट और संजय दत्त ने लीड किरदार निभाए थे। वहीं करण जौहर की फिल्म कलंक में आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर के साथ ही संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, वरुण धवन और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल्स में दिखेंगे। यह फिल्म इस साल 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है।

बोल्ड अवतार में दिखीं अनन्या पांडे

इन दिनों बड़ी संख्या में स्टार किड्स बॉलिवुड में डेब्यू करते नजर आ रहे हैं। जाह्नवी कपूर, सारा अली खान और इशान खट्टर के बाद अब अनन्या पांडे भी जल्द ही स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। हालांकि इन स्टार किड्स की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बॉलिवुड में अपना नाम बनाने से पहले ही ये सभी लोग अपने फैशन, स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं और कुछ ऐसा ही हो रहा है अनन्या पांडे के साथ भी।

चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे अक्सर शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर के साथ हैंगआउट करती नजर आती हैं। अक्सर अपने क्यूट लुक्स की वजह से चर्चा में रहने वाली अनन्या वैलेंटाइंस डे के मौके पर ब्लैक कलर की बोल्ड ड्रेस में बेहद हॉट और सेक्सी नजर आ रहीं थीं। डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा की वैलेंटाइंस डे पार्टी के दौरान कटआउट वाले लिटिल ब्लैक ड्रेस यानी लिटिल ब्लैक ड्रेस में नजर आयीं अनन्या पांडे और इसमें कोई शक नहीं कि उनका यह लुक बेहद हॉट और बोल्ड था। अनन्या ने अपनी इस ड्रेस के साथ कोई अक्सेसरी या जूलरी नहीं पहनी थी और इस ड्रेस को उन्होंने ब्लैक स्ट्रैप वाली हील्स के साथ टीमअप कर पहना था। साथ ही उनका मेकअप भी बेहद लाइट और नैचरल था। अनन्या की इस ड्रेस को मशहूर डिजाइनर निखिल थम्पी ने डिजाइन किया था। इस ड्रेस में अनन्या ने अपनी तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की।